>

Title: Restarting of Shujalpur and Shaajpur railway station in Devas Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.

श्री महेंद्र सिंह सोलंकी (देवास): माननीय अध्यक्ष महोदय, इंदौर-जबलपुर के बीच चलने वाली ओवरनाइट एक्सप्रेस का स्टोपेज मेरे लोक सभा क्षेत्र के शुजालपुर में समाप्त कर दिया गया है। इसी प्रकार से अहमदाबाद से वाराणसी के बीच चलने वाली साबरमती एक्सप्रेस का स्टोपेज मेरे लोक सभा क्षेत्र के शाजापुर से समाप्त कर दिया गया है। इसके कारण यात्रियों को और वहां के व्यापारियों को अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

मेरा आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन है कि मेरे लोक सभा क्षेत्र में, शुजालपुर में और शाजापुर में स्टोपेज को पुन: चालू करवाया जाए, जिससे यात्रियों को और व्यापारियों को आने वाली परेशानी से निजात मिल सके। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : श्री थोमस चाज़िकाडन – उपस्थित नहीं।

श्री मारगनी भरत – उपस्थित नहीं।

SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Mr. Speaker, Sir, even Members are not aware whether their names are there in the list or not. This is the problem we are facing.

माननीय अध्यक्ष : इसकी व्यवस्था कर देंगे। वैसे मैं आपको एक जानकारी दूं कि जिन भी माननीय सदस्यों का शून्य काल में नाम आता है, हमने संसद से व्यवस्था की है कि हम सब को कॉल करके बताते हैं कि आपका आज शून्य काल में नाम आया है। उन माननीय सदस्यों के पीए को प्रशिक्षित करे कि माननीय सदस्य को सूचना दें। हमने तो अलग से भी व्यवस्था कर रखी है। हम उनको बताते हैं कि आज आपका नाम शून्य काल में लॉटरी में आया है।

आपको सूचना दी जाती है, यह कॉल सेंटर से व्यवस्था है।

श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन: लेकिन हमारे पास क्वेश्चन की लिस्ट नहीं है। सभी जवाब ऑनलाइन में है तो कैसे सप्लीमेंटरी प्रिपेयर करेंगे। ऐसे तो बहुत-बहुत मुश्किल है।

माननीय अध्यक्ष : मैंने पहली मीटिंग में चर्चा कर ली थी। हम उसकी व्यवस्था कर रहे हैं। 8 मार्च से जो सत्र होगा, उसमें व्यवस्था करेंगे।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मैंने उसके बारे में बता दिया है और जब जनरल परपज कमेटी की मीटिंग हुई थी तो इस विषय पर चर्चा हुई थी। 8 मार्च से जब सत्र शुरू होगा तो उसकी व्यवस्था कर देंगे। आपके सुझाव को मान लिया गया है।